सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका

# अपनी बात

अंक : 597 वर्ष 44 राँची, अक्टूबर, 2023





# कोयला सचिव श्री अमृतलाल मीणा और चेयरमैन श्री पीएम प्रसाद ने किया मगध संघमित्रा – आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र का दौरा



होन्हे में नव निर्मित 'आम्रपाली डिजिटल डिस्पेंसरी' का उद्घाटन करते कोयला सचिव श्री अमृतलाल मीणा, सीआईएल अध्यक्ष श्री पी. एम. प्रसाद, सीसीएल सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी, अवसर विशेष पर उपस्थित निदे. (तक./संचा.) श्री रामबाबू प्रसाद, निदे. (का.) श्री हर्षनाथ मिश्र, निदे. (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदे. (तक./यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम एवं अन्य

विगत 03 अक्टूबर को कोयला सचिव श्री अमृतलाल मीणा ने कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष श्री पी.एम प्रसाद के साथ मगध संघमित्रा – आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र का दौरा किया। इस अवसर पर सीसीएल सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी, निदेशक (तक./संचा.) श्री रामबाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्षनाथ मिश्र, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (तक./यो. एवं परि.) श्री बी. साइराम, सीएमपीडीआई के निदेशक तक. (आयो. एवं अभि.), मगध संघ. मित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री नृपेंद्र नाथ, आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री अमरेश कुमार सिंह, राज्य सरकार के अधिकारियों सहित सीसीएल के वरीय अधिकारीगण एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

श्री मीणा ने सर्वप्रथम अन्य गणमान्यों सहित होन्हे परियोजना कार्यालय स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारतरत्न लाल बहादुर शास्त्री के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत उन्होंने होन्हे में नव निर्मित 'आम्रपाली डिजिटल डिस्पेंसरी' का उद्घाटन भी किया। उनके समक्ष ही गांधी नगर अस्पताल, राँची द्वारा मरीजों को टेली मेडिसिन की सुविधा प्रदान की गई। तत्पश्चात उन्होंने पूरी टीम के साथ आम्रपाली में व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कोयला खनन क्षेत्र का दौरा भी किया।



व्यू प्वाइंट से निरीक्षण करते कोयला सचिव श्री अमृतलाल मीणा, सीआईएल अध्यक्ष श्री पी. एम. प्रसाद, सीसीएल सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी तथा अन्य

इस दौरान उन्होंने महाप्रबंधक कार्यालय पहुँचकर कार्य निष्पादन तथा सीएसआर गतिविधियों की समीक्षा की तथा क्षेत्रों के प्रदर्शन की सराहना की एवं और बेहतर कार्य निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। श्री मीणा, श्री प्रसाद एवं गणमान्यों ने मगध संघमित्रा और आम्रपाली चंद्रगुप्त के 'व्यू प्वाइंटस' से कोयला खदानों का अवलोकन किया।

खनन क्षेत्र के विस्तारीकरण तथा वन संबंधी अन्य मुद्दे के त्वरित कार्रवाई हेतु श्री अमृतलाल मीणा तथा कोल इंडिया चेयरमैन श्री पी.एम प्रसाद ने राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ बैठक किया।

# धूम–धाम से मनाया गया द्वितीय 'एनसीडीसी स्थापना दिवस'




द्वितीय 'एनसीडीसी स्थापना दिवस' के अवसर पर उपस्थित गणमान्यों का स्वागत करते कोल इंडिया अध्यक्ष श्री पी. एम. प्रसाद, सीसीएल सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी एवं अन्य

विगत 04 अक्टूबर को सीसीएल मुख्यालय, राँची में द्वितीय 'एनसीडीसी स्थापना दिवस' धूम–धाम से मनाया गया। इस समारोह में आमंत्रित कोल इंडिया लि. के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एम. पी. नारायणन, श्री एन. सी. झा, पूर्व सीएमडी, ईसीएल श्री एस. एन. सिंह, पूर्व सीएमडी, डब्लूसीएल श्री आर. डी. राय, पूर्व सीएमडी सीसीएल/सीएमपीडीआईएल श्री एस. के. वर्मा, पूर्व सीएमडी, सीसीएल श्री बी. अकला, पूर्व सीएमडी सीसीएल श्री आर.पी. रिटोलिया, कोल इंडिया लि. के पूर्व अध्यक्ष श्री पार्थो भट्टाचार्य, कोल इंडिया लि. के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व सीएमडी सीसीएल/बीसीसीएल श्री गोपाल सिंह, पूर्व सीएमडी, एमसीएल श्री अभिराम शर्मा, पूर्व सीएमडी, एनसीएल श्री तापस कुमार नाग, पूर्व सीएमडी, सीसीएल श्री रंजन कुमार साहा, सीएमडी, सीएमपीडीआई श्री मनोज कुमार तथा एनसीडीसी के समय कार्यरत पूर्व कार्मिक सम्मिलित हुए। जेसीएससी के वरीय सदस्य एवं एनसीडीसी के पूर्व कर्मी श्री रमेन्द्र कुमार भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष श्री पीएम प्रसाद ने समारोह में गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए उपस्थित सभी को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एनसीडीसी ने कोल इंडिया को एक मजबूत आधार प्रदान किया है। उन्होंने आगे कहा की सभी गुरुजनों और अग्रजों के मार्गदर्शन, अनुभव और विरासत के बदौलत कंपनी सफलतापूर्वक देश की ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने में सक्षम है। श्री प्रसाद ने कहा कि कोल इंडिया एवं इसके अनुषंगी कंपनी आने वाले समय में और भी बेहतर करते हुए 2025–26 के 1 बिलियन टन कोयला उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करेंगे।

समारोह में उपस्थित सभी ने कोल इंडिया लि. के अध्यक्ष श्री पी.एम. प्रसाद एवं सीएमडी, सीसीएल डॉ बी. वीरा रेड्डी को इस आयोजन के लिए बधाई दिया और सीसीएल द्वारा उनको दिए गए विशेष सम्मान के लिए धन्यवाद भी दिया।

अवसर विशेष पर सीसीएल सीएमडी डॉ बी. वीरा रेड्डी के साथ निदेशक (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक तक (यो. एवं परि.) श्री बी. साईंराम एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार ने सभी अतिथियों का शॉल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। सीएमडी डॉ. रेड्डी ने अपने स्वागत भाषण में एनसीडीसी के अतीत पर प्रकाश डालते हुए कोयला उद्योग के इतिहास के बारे में चर्चा की।




द्वितीय 'एनसीडीसी स्थापना दिवस' के अवसर पर मंच पर उपस्थित सभी गणमान्य अतिथि

डीएवी गांधीनगर विद्यालय के छात्रों ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को मनोरंजक बनाने के लिए श्रीमती गार्गी मल्कानी और उनकी टीम द्वारा मनभावन कत्थक नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसे उपस्थित सभी ने खूब सराहा। इस अवसर पर एनसीडीसी को समर्पित एक लघु फिल्म को भी प्रदर्शित किया गया।

धन्यवाद ज्ञापन निदेशक तक (यो. एवं परि.) श्री बी साईंराम ने किया जबकि मंच संचालन श्री प्रियरंजन, श्रीमती निशा एवं श्रीमती श्वेता हंसदा ने किया।

# सीसीएल ओबीएस श्रीमती नीलम कुमारी को चेक सौंपा



श्रीमती नीलम कुमारी को चेक प्रदान करते सीसीएल ओबीएस के कोषाध्यक्षा श्रीमती कुमारी प्रतिभा, श्रीमती संगीता एवं अन्य

दिनांक 07 अक्टूबर को सीसीएल ऑफिसर्स बेनिवोलेन्ट सोसाईटी (ओबीएस) द्वारा स्व. मुकेश कुमार की पत्नी श्रीमती नीलम कुमारी को क्रमशः सीसीएल ओबीएस का रू. 4,50,000/– एवं ग्रुप इंशोयरेंस का रू. 5,33,905/– यानि कुल रू. 9,83,905/– (रू. नौ लाख तिरासी हजार नौ सौ पाँच) की राशि चेक के माध्यम से प्रदान की गयी।

यह चेक सीसीएल ओबीएस के कोषाध्यक्षा श्रीमती कुमारी प्रतिभा एवं श्रीमती संगीता के द्वारा प्रदान किया गया। ज्ञातव्य हो कि श्रीमती नीलम कुमारी के पति स्व. मुकेश कुमार, सहायक प्रबंधक (ई एण्ड एम), केदला वाशरी, हजारीबाग क्षेत्र का निधन सड़क दुघर्टना में हो गयी थी।

इस अवसर पर सीसीएल ओबीएस के महासचिव श्री आलोक कुमार त्रिपाठी, उपाध्यक्ष श्री राजीव रंजन शर्मा एवं श्री विनय कुमार शंकर, श्री सुरेन्द्र प्रताप सिंह सहित श्रीमती नीलम कुमारी के परिवार के सदस्यगण भी उपस्थित थे।

# अंतर–क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में कुजू क्षेत्र विजयी



अंतर क्षेत्रीय कबड्डी टूर्नामेंट के फाइनल में प्रतिभागी टीमों के साथ उपस्थित निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र एवं अन्य

सीसीएल के पिपरवार क्षेत्र में आयोजित दो दिवसीय (10–11 अक्टूबर 2023) अंतर–क्षेत्रीय कबड्डी टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला कुजू और ढोरी क्षेत्र के बीच खेला गया जिसमें कुजू क्षेत्र 28–13 अंकों से विजयी रहा।

फाइनल मुकाबले में खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन के लिए मुख्य अतिथि के तौर पर निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र उपस्थित थे। श्री मिश्र ने दोनों फाइनलिस्ट टीमों के खिलाडियों को पुरस्कृत किया एवं बधाई देते हुए कहा कि ऐसे खेल के आयोजनों से कर्मियों का सर्वांगीण विकास होता है साथ ही साथ टीम भावना का भी विकास होता है।

इस अवसर पर महाप्रबंधक (पिपरवार) श्री सी. बी. सहाय सहित विभागाध्यक्ष (कल्याण) श्रीमती रेखा पांडे, खेल अधिकारी श्री आदिल हुसैन एवं निदेशक कार्मिक के तकनीकी सहायक श्री नवनीत कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

ज्ञात हो कि कर्मियों के बहुआयामी विकास एवं खेल को बढ़ावा देने के लिए सीएमडी सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी के मार्गदर्शन में सीसीएल द्वारा समय–समय पर इस तरह के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।

बड़ी संख्या में दर्शक इस रोमांचक फाइनल का लुत्फ उठाया। मैन आफ द मैच एवं बेस्ट रेडर, श्री बसंत लाल (कुजू), बेस्ट डिफेंडर, श्री सोनक राम (ढोरी), मैन आफ द सीरीज, श्री मोहित राज मिंज (मुख्यालय) को चुना गया।

# "कैपेसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम" आयोजित

दिनांक 12.10.2023 को कोल इंडिया लिमिटेड और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के सतर्कता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय कोयला प्रबंधन संस्थान (आईआईसीएम), राँची में "कैपेसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम" आयोजित किया गया। "निवारक सतर्कता रणनीतियाँ, अनुशासनात्मक कार्यवा. ही, और आईओ/पीओ की भूमिका" विषय पर आयोजित यह कार्यक्रम तीन महीने लंबे सतर्कता अभियान का हिस्सा था।

उद्घाटन समारोह में सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी और सीएमपीडीआईएल के सीएमडी श्री मनोज कुमार विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए और कोयला उद्योग का ईमानदारी और सतर्कता के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।




"क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम" में सभी को सम्बोधित करते सीसीएल सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी

इस अवसर पर सीआईएल के सीवीओ श्री ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, सीसीएल के सीवीओ श्री पंकज कुमार, सीएमपीडीआईएल के सीवीओ श्री एस के सिन्हा, सीआईएल के जीएम (सतर्कता) श्री पी मधुसूदन राव तथा अन्य वरीय अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

अवसर विशेष पर गणमान्यों द्वारा एक ऑनलाइन जनहित प्रकटीकरण और मुखबिर की सुरक्षा (पीआईडीपीआई) जागरूकता मॉड्यूल लॉन्च किया गया, जिसको पीआईडीपीआई के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मियों में सतर्कता और नैतिक मानकों को बढ़ाना था।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कोल इंडिया लिमिटेड तथा इसकी सहायक कंपनियों, हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (एचईसी), मेकॉन और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## सीसीएल द्वारा डीपीएस स्कूल में पेंटिंग एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित

एक अन्य कार्यक्रम में सीसीएल, राँची द्वारा डीपीएस स्कूल, राँची में सतर्कता जागरूकता अभियान 2023 के तहत पेंटिंग एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



डीपीएस स्कूल, राँची में पेंटिंग एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागीगण

इस कार्यक्रम में कुल 100 छात्रों ने भाग लिया। श्री बिमल कुमार, मुख्य प्रबंधक (खनन), सतर्कता विभाग ने भ्रष्टाचार मुक्त समाज के लाभों के बारे में छात्रों को सम्बोधित किया तथा जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला।

# जन आरोग्य केंद्र द्वारा निःशुल्क कुष्ठ रोग जाँच शिविर का आयोजन

दिनांक 13 अक्टूबर को रांची के एदलहातु बस्ती में जन आरोग्य केन्द्र, सीसीएल द्वारा निःशुल्क कुष्ठ रोग (लेप्रोसी) जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 231 मरीजों का निःशुल्क जाँच कर उन्हें चिकित्सीय परामर्श दिया गया। शिविर में इसके अतिरिक्त हाईपरटेंशन एवं आँख की भी निःशुल्क जांच की गयी।

शिविर के सफल आयोजन में सीएमएस इंच. ार्ज, सीसीएल, डॉ. रत्नेश जैन, सीएसआर इंचार्ज, डॉ. प्रीति तिग्गा, डॉ. शशिकांत प्रसाद, डॉ. अनिता होरो, डॉ. तनीशा सिंह एवं अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



कुष्ठ रोग जाँच शिविर का लाभ उठाते आम लोग

एदलहातु निवासियों ने सीसीएल की इस पहल की सराहना की एवं इस शिविर के सफल आयोजन के लिए सीसीएल प्रबंधन को धन्यवाद दिया।

“

**शुद्धता, धैर्य और दृढ़ता,**
**सफलता के लिए तीनों आवश्यक हैं।**

– स्वामी विवेकानन्द

”

# झारखण्ड केंद्रीय विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, राँची में सतर्कता का शपथ लेते छात्रगण

सतर्कता विभाग, सीसीएल मुख्यालय, राँची द्वारा झारखण्ड केंद्रीय विश्वविद्यालय, राँची में सतर्कता जागरूकता अभियान 2023 के अंतर्गत दिनांक 19 अक्टूबर को भाषण, स्लोगन एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के छात्रों ने सतर्कता और जागरूकता तथा भ्रष्टाचार मुक्त भारत विषय पर प्रासंगिक विचार प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय के कुल 51 छात्रों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य प्रबंधक (सिस्टम), सतर्कता, श्री ओम प्रकाश, मुख्य प्रबंधक (वित्त), सतर्कता श्री आर के सिंह और डॉ. अनीता, गांधीनगर अस्पताल उपस्थित थे। अवसर विशेष पर उपस्थित सभी छात्रों ने सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम को प्रतिभागियों द्वारा खूब सराहा गया।



झारखड केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागीगण

ज्ञात हो कि केंद्रीय सतर्कता आयोग के मार्गदर्शन में सीसीएल के सतर्कता विभाग द्वारा कर्मियों, आम जन एवं हितधारकों को जागरूक करने हेतु पिछले तीन महीने से लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम, क्षमता निर्माण कार्यक्रम, कार्यशाला इत्यादि आयोजित किया गया।

"

**ज्ञान स्वयं में वर्तमान है,**
**मनुष्य केवल उसका आविष्कार करता है।**

– स्वामी विवेकानन्द

"

# कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम फॉर मास्टर ट्रेनर्स आयोजित

मुख्यालय में दिनांक 20.10.2023 को सीवीओ, सीसीएल के मार्गदर्शन में मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा सीसीएल (मुख्यालय) में "नैतिकता और शासन (इथिक्स एंड गवर्नेंस)" विषय पर एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य सतर्कता अधिकारी, सीसीएल श्री पंकज कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे। अवसर विशेष पर श्री कुमार ने सभी को सम्बोधित करते हुए प्रेरक उद्घाटन भाषण दिया। श्री संजय, विभागाध्यक्ष (मा.सं.वि.) ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। उक्त कार्यक्रम में सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 50 प्रतिभागी उपस्थित थे। रामकृष्ण मिशन आश्रम, मोरहाबादी के सचिव एसडब्ल्यू भावेशानंद मुख्य वक्ता थे।




कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम के अंतर्गत संबोधित करते सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार



कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम का एक दृश्य

यह एक संवादात्मक कार्यशाला थी। कार्यक्रम के दौरान नैतिक दुविधाओं के कई मामलों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम को सभी प्रतिभागियों द्वारा खूब सराहा गया।

ज्ञात हो कि उक्त कार्यक्रम 16 अगस्त से 15 नवंबर, 2023 तक चलने वाले त्रैमासिक सतर्कता जागरूकता अभियान का हिस्सा था। इस अभियान के दौरान सतर्कता सम्बंधित रणनीतियां, अनुशासनात्मक कार्यवाही और आईओध्पीओ की भूमिका, साइबर स्वच्छता और सुरक्षा, नैतिकता और शासन इत्यादि विषयों पर कर्मियों एवं हितधारकों को जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये गए।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में सतर्कता विभाग सहित मानव संसाधन एवं अन्य विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# भ्रष्टाचार मुक्त समाज पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन

सीसीएल के सौजन्य से दिनांक 27 अक्टूबर को अटल स्मृति वेंडर मार्केट, राँची में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नाटक में कलाकारों ने समाज को भ्रष्टाचार के कारण समाज को हो रहे नुकसान को अपने प्रस्तुति के माध्यम से दर्शकों को अवगत कराया। गीत और संवाद के माध्यम से कलाकारों ने दर्शकों को जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया साथ ही साथ भ्रष्टाचार मुक्त समाज का संदेश भी दिया। ज्ञात हो की सीसीएल द्वारा इस पूरे सप्ताह रांची के विभिन्न जगहों पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।



अटल स्मृति वेंडर मार्केट में आयोजित नूक्कड़ नाटक का एक दृश्य

इस अवसर पर महाप्रबंधक (सतर्कता) श्री अवध किशोर सिंह, विभागाध्यक्ष (जनसंपर्क) श्री आलोक कुमार, श्री शशांक शरण, श्री विश्वास वत्स, मनीष कुमार तथा बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे। उपस्थित सभी ने सीसीएल के इस भ्रष्टाचार निरोधक पहल की खूब प्रशंसा की।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत 'सत्यनिष्ठा की शपथ' एवं 'सतर्कता जागरूकता मार्च' का आयोजन



'सतर्कता जागरूकता मार्च' में हिस्सा लेते सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी, निदेशक (तक./संचा.) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तक./यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार एवं अन्य

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 के अंतर्गत दिनांक 30 अक्टूबर को सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, राँची से जवाहर नगर कॉलोनी, काँके रोड तक "सतर्कता जागरूकता मार्च" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री बी. साई राम, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार सहित बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मियों ने 'भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें" के संदेश को प्रदर्शित करते हुए इस जागरूकता मार्च में भाग लिया। इस अवसर पर सतर्कता जागरूकता रथ के साथ–साथ प्ले कार्ड, बैनर आदि को हाथ में लेकर 'भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें" का संदेश देते हुए सीसीएल के मुख्य द्वार से राजभवन के मुख्य द्वार होते काँके रोड स्थित जवाहरनगर कॉलोनी तक सतर्कता मार्च निकाली। इसमें स्कूली छात्रों ने भी बैंड के साथ भाग लिया।



कर्मचारी एवं अधिकारियों को सत्य निष्ठा की शपथ दिलाते सीएमडी सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी

इससे पूर्व सीसीएल के सीएमडी, निदेशकगण एवं कर्मी प्रातः मुख्यालय प्रागंण में उपस्थित होकर सत्य निष्ठा की शपथ ली। सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने सभी को सत्यनिष्ठा की 'शपथ' दिलायी। उन्होंने कर्मियों को कार्यक्षेत्र मे ईमानदारी तथा नियमों का पालन, पारदर्शिता के साथ जनहित में कार्य करने की प्रतिज्ञा दिलायी। इस अवसर पर डॉ. रेड्डी ने कहा कि हमारे देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है, इसके उन्मूलन हेतु हम सबको मिलकर कार्य करना होगा।

स्वागत संबोधन में सीवीओ श्री पंकज कुमार ने

जीवन में सत्यनिष्ठा तथा ईमानदारी को अपनाने की बात कही। उन्होंने भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण हेतु सबको प्रेरित किया।

अवसर विशेष पर सीएमडी, डॉ. रेड्डी सहित निदेशकगण एवं सीवीओ ने सतर्कता जागरूकता रथ को 'फ्लैग ऑफ' किया। यह जागरूकता रथ आमजन के बीच जाकर भ्रष्टाचार मुक्त के संदेश को पहुँचाने के साथ–साथ उन्हें जागरूक करेगा। सीसीएल मुख्यालय परिसर में 'ई–प्लेज' की व्यवस्था की गयी थी, जिसमें कर्मियों ने ई–शपथ भी लिया।

ज्ञातव्य हो कि इस वर्ष का थीम 'भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें" है। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह पूरे सीसीएल में 30 अक्टूबर से 05 नवम्बर, 2023 तक मनाया जा रहा है। इस दौरान सीसीएल नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा रैली के माध्यम से भ्रष्टाचार निवारण के संदेश को समाज में जोर–शोर से प्रसारित कर रहा है।



'सतर्कता जागरूकता रथ' को झण्डी दिखाकर रवाना करते सीसीएल सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी, निदेशक (तक./संचा.) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तक./यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम एवं सीवीओ श्री पंकज कुमार

कार्यक्रम के आयोजन में महाप्रबंधक (सतर्कता) श्री अवध किशोर सिंह एवं अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# लौह पुरूष को समर्पित राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया

दिनांक 31 अक्टूबर को सीसीएल में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर निदेशक (तक./संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार, विभागाध्यक्षगण, सभी विभागों के महाप्रबंधक और अन्य कर्मियों ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार ने आयोजन में उपस्थित सभी को सम्बोधित किया। निदेशक (तक./संचा.) एवं निदेशक (का.) ने सभी को राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को बनाये रखने की शपथ दिलाई। अवसर विशेष पर भ्रष्टाचार मुक्त समाज विषय पर एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया।



लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि देते निदे. (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र



राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाते निदे. (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र



नुक्कड़ नाटक का एक दृश्य



नुक्कड़ नाटक का एक दृश्य

# सीसीएल में सेवानिवृत्त कर्मियों को भावभीनी विदाई



सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद एवं निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र

सीसीएल मुख्यालय में विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हो रहे 12 कर्मी – सुश्री रश्मि दयाल, महाप्रबंधक (पी एंड आईआर/भर्ती/समाधान), डॉ. अरुणा हेम्ब्रोम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, डॉ. आनंद कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, डॉ. रागिणी श्रीवास्तव, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, श्री राजेश कुमार जायसवाल, मुख्य प्रबंधक (एमएम), श्री भावेश कुमार राठौर, मुख्य प्रबंधक (का.), श्री अमरेंद्र कुमार, मुख्य प्रबंधक (का.), श्री प्रवीर कुमार सोरेन, मुख्य प्रबंधक (जियोलॉजी), मो. खातिर खान, मुख्य कैशियर–I, श्री मगन मुंडा, वरीय वार्ड बॉय, केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, श्री मुनारी राम, वरीय डम्पर ऑपरेटर एवं कैलाश चंद्र नाइक, सफाई कर्मचारी–III को आज सीसीएल परिवार की ओर से एक "सम्मान समारोह" का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद एवं निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र उपस्थित थे। अक्टुबर माह में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 96 कर्मी सेवानिवृत्त हुए ।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के कार्यानुभवों पर एक शॉर्ट फिल्म (विडियो क्लिप) 'सम्मान समारोह' के दौरान प्रदर्शित किया गया। सेवानिवृत्त कर्मियों ने कंपनी के प्रति शुभेच्छा प्रकट करते हुए कहा कि कंपनी हमारे पूरे सेवा काल में जीवन का एक अभिन्न अंग रही है। उन्होंने कंपनी की उत्तरोत्तर विकास की कामना की।

निदेशक (तकनीकी/संचालन), श्री राम बाबू प्रसाद ने समारोह के मुख्य आकर्षण सेवानिवृत कर्मियों का स्वागत करते हुए कहा आप सभी आज एक सफर को सफलता पूर्वक पूरा करके दूसरे सफर की शुरुआत कर रहे हैं। कंपनी को नई ऊँचाई देने में आप सब का सार्थक प्रयास अनुकरणीय है। श्री प्रसाद ने सभी सेवानिवृत हो रहे कर्मियों के जीवन के दूसरी पाली के लिए शुभकामनाएँ दी।

अवसर विशेष पर निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि कंपनी की सफलता में सभी का योगदान सराहनीय है। उन्होंने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि आपकी मेहनत, लगन और कत्वर्यनिष्ठा से कंपनी दिनानुदिन उन्नयन के मार्ग पर अग्रसर है।

सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन उपस्थित थे। मंच संचालन और धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष (कल्याण) श्रीमती रेखा पांडेय ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग एवं अन्य सम्बंधित विभागों का विशेष योगदान रहा।

# समाचार पत्रों में सीसीएल

## सीसीएल में सतर्कता सप्ताह हुआ शुरू

- सत्यनिष्ठा की 'शपथ' एवं 'सतर्कता जागरूकता मार्च' का आयोजन
- पांच नवंबर तक लोगों को किया जाएगा जागरूक



सीसीएल मे सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ करते अधिकारी • जागरण

जासं, रांची : इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह पूरे सीसीएल में 30 अक्टूबर से पांच नवंबर तक मनाया जा रहा है। पहले दिन सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस से जवाहर नगर कालोनी, कांके रोड तक मार्च निकाला गया। इस अवसर पर सीसीएल के सीएमडी डा. बी वीरा रेड्डी, निदेशक तकनीकी (संचालन) राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) बी साई राम, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार सहित बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मियों ने 'भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें' के संदेश को प्रदर्शित करते हुए इस जागरूकता मार्च में भाग लिया। इसमें स्कूली छात्रों ने भी बैंड के साथ भाग लिया। इस अवसर पर डा. रेड्डी ने कहा कि हमारे देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है, इसके उन्मूलन के लिए हम सबको मिलकर कार्य करना होगा। स्वागत संबोधन में सीवीओ पंकज कुमार ने उन्होंने भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण के लिए सबको प्रेरित किया। अवसर विशेष पर सीएमडी डा. रेड्डी सहित निदेशकगण एवं सीवीओ ने सतर्कता जागरूकता रथ को 'फ्लैग ऑफ' किया। यह जागरूकता रथ आमजन के बीच जाकर भ्रष्टाचार मुक्त के संदेश को पहुंचाने के साथ-साथ उन्हें जागरूक करेगा। सीसीएल मुख्यालय परिसर में 'ई-प्लेज' की व्यवस्था की गयी थी, जिसमें कर्मियों ने ई-शपथ भी लिया। ज्ञातव्य हो कि इस वर्ष का थीम 'भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें' है। इसके पूर्व सीसीएल के सीएमडी, निदेशकगण एवं कर्मी प्रातः मुख्यालय प्रांगण में उपस्थित होकर सत्य निष्ठा की शपथ ली। सीएमडी डा बी वीरा रेड्डी ने सभी को सत्यनिष्ठा की 'शपथ' दिलाई। इस दौरान सीसीएल नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा रैली के माध्यम से भ्रष्टाचार निवारण के संदेश को समाज में जोर-शोर से प्रसारित कर रहा है।

## कोयले के उत्पादन में 12.81 प्रतिशत की वृद्धि

सिटी रिपोर्टर | रांची

वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान देश में कोयले के उत्पादन में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 12.81 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कोल इंडिया की वृद्धि दर 11.90 प्रतिशत, एससीसीएल की 7.82 प्रतिशत और कैप्टिव एवं वाणिज्यिक खदानों की वृद्धि दर 20.94 प्रतिशत है। कोयले की आपूर्ति में 11.70 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। विद्युत क्षेत्र को की गई आपूर्ति में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 7.87 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यह आंकड़ा 28 अक्टूबर तक का है। कोयला मंत्रालय ने ईसीएल, बीसीसीएल, सीसीएल और डब्ल्यूसीएल जैसी उन कोयला कंपनियों में कोयला उत्पादन बढ़ाने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं, जहां निकासी संबंधी लॉजिस्टिक्स उपलब्ध हैं। ईसीएल, बीसीसीएल, सीसीएल और डब्ल्यूसीएल के कोयले के उत्पादन में क्रमशः 18.70 प्रतिशत, 17.60 प्रतिशत, 13.90 प्रतिशत और 18.00 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। अभूतपूर्व वर्षा के बाद पिछले 15 दिनों के दौरान कोयले के उत्पादन में तेजी आई है। मात्र पिछले 15 दिनों के दौरान ही सभी स्रोतों से होने वाला कुल उत्पादन 26.40 लाख टन प्रतिदिन से अधिक है। 28 अक्टूबर 2023 तक कोल इंडिया, एससीसीएल, कैप्टिव खदानों के निकासी स्थल पर कुल कोयला स्टॉक और पारगमन में कोयले की आपूर्ति पिछले वर्ष की इसी अवधि के 37.40 एमटी की तुलना में 53.23 एमटी है जोकि 42.32

## सीसीएल में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम फॉर मास्टर ट्रेनर्स कार्यक्रम आयोजित



## Coal India's fuel supply to thermal power plants rises 6 per cent



## Coal India beats supply target

A STAFF REPORTER

Calcutta: Coal India on Monday said it has supplied 3 million tonnes (MT) of coal more than its target supply to the power sector by October 15 for the financial year 2023-24.

"CIL's targeted commitment was 316 MT to the power sector till October 15 of FY2024

from Central Electricity Authority shows a total of 89 power plants, including plants based on domestic coal and plants designed to run on imported coal, having critical stock levels as of October 14. The number was just 39 as of July 31.

National Load Despatch Centre data shows evening peak hour demand met at the national level increased 12.74 per cent in August 2023 over August 2022 and was on an upward trajectory in September. Between April and September 2023, energy generation from thermal sources was 107.87 per cent of generation in the cor-

## पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन



रांची। सीसीएल के सौजन्य से अटल स्मृति वेंडर मार्केट, रांची में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नाटक में कलाकारों ने समाज को भ्रष्टाचार के कारण समाज को ... कराया। गीत और संवाद के माध्यम से कलाकारों ने दर्शकों को जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया साथ ही साथ भ्रष्टाचार मुक्त समाज का संदेश भी दिया। ज्ञात हो की सीसीएल द्वारा इस पूरे सप्ताह रांची के ... अवसर पर महाप्रबंधक (सतर्कता) अवध किशोर सिंह, विभागाध्यक्ष (जनसंपर्क) आलोक कुमार, शशांक शरण, विश्वास वत्स, मनीष कुमार तथा बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे। उपस्थित सभी ने सीसीएल के इस ...

## सीसीएल सीएमडी ने एनके एरिया में कोयला खदान का निरीक्षण व उत्पादन और डिस्पैच की समीक्षा की



खलारी। सीसीएल के सीएमडी बी वीरा रेड्डी ने शुक्रवार को एनके एरिया का दौरा किया। सीएमडी ने परियोजना पदाधिकारी के साथ बैठक कर कोयला उत्पादन और डिस्पैच की समीक्षा की। जिसके बाद सीएमडी पूरनाडीह परियोजना पहुंचे और वहां की खदान का निरीक्षण किया। इस दौरान कोयला उत्पादन समेत जमीन संबंधित मामलों पर हो रही कार्रवाई की जानकारी परियोजना पदाधिकारी से ली। वहां से सीएमडी केडीएच परियोजना पहुंचे और कोयला उत्पादन को देखा। परियोजना पदाधिकारी से उत्पादन एवं जमीन संबंधित मामलों की भी जानकारी ली। जिसके बाद परियोजना पदाधिकारी ने जमीन संबंधित समस्याओं से सीएमडी को अवगत कराया। मौके पर पुरनाडीह पीओ सह प्रभारी जीएम नरेश सिंह राणा, केडीएच परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# सोशल मीडिया में सीसीएल

**Central Coalfields Limit...** · 01 Oct

आज सीसीएल कमांड क्षेत्र के 15 स्थानों पर #SwacchataHiSeva अन्तर्गत सामूहिक श्रमदान आयोजित किया गया।निदेशकगणों एवं सीवीओ की उपस्थिति में मुख्यालय के 130 सफ़ाई मित्रों को सम्मानित किया।250 से अधिक कर्मियों ने ज़ाकिर हुसैन पार्क,सब्जी मंडी की सफ़ाई हेतु श्रमदान किया। #SwachhBharat



**Central Coalfields Limit...** · 04 Oct

Celebrating our legacy..
#TeamCCL celebrated the Foundation Day of NCDC the mother company of Coal India Limited. On this occasion the pioneers who shaped India's coal industry were felicitated. Shri P.M Prasad Chairman, CIL addressed the gathering and lauded their contributions.



**Central Coalfields Limit...** · 28 Oct

सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों द्वारा "FIT INDIA : Swachhata Freedom Run 4.0" अभियान के तहत रांची, रामगढ़, चतरा, हजारीबाग, लातेहार एवं बोकारो में 'स्वच्छता फ्रीडम रन' का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 1648 लोगों ने भाग लिया और कुल 4653.86 कि. मी. क्षेत्र कवर किए गए।एक झलक...




(आंतरिक वितरण हेतु सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित)

सम्पादक : आलोक कुमार, विभागाध्यक्ष, जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, उप प्रबंधक (जनसम्पर्क), मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), मनीष कुमार तिवारी, एमटी, जनसम्पर्क विभाग